# कार्यालय कलेक्टर एवं अध्यक्ष
## स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल संचालन प्रबंधन समिति
## जिला-कोरबा (छ०ग०)

क्रमांक/अंग्रेजी माध्यम/संविदा नियुक्ति/विज्ञापन/2022-23 8397 कोरबा, दिनांक : 17/02/2023

## Walk in Interview

### -:: संविदा भर्ती विज्ञापन ::-

छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय महानदी भवन, अटल नगर नवा रायपुर के आदेश क्रमांक एफ 23-8/2020/20-दो/63, 64 एवं 65 अटल नगर रायपुर दिनांक 24.06.2022 के द्वारा सत्र 2022-23 में नवीन 1. स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पसान वि.ख.-पोड़ीउपरोड़ा 2. स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कोरबी वि.ख.-पोड़ीउपरोड़ा 3. स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बालको जिला-कोरबा (छ.ग.) के संचालन हेतु स्वीकृति प्राप्त हुई है। उक्त विद्यालयों में शिक्षकीय एवं गैर शिक्षकीय कर्मचारियों की नियुक्ति संविदा आधार पर किया जाना है। इसके अतिरिक्त जिले में संचालित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय हरदीबाजार,, करतला, कटघोरा एवं पोड़ीउपरोड़ा के रिक्त पदों पर **Walk in Interview** द्वारा संविदा आधार पर भर्ती की जानी है संस्थावार/पदवार/संवर्गवार रिक्तियों का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र0 | पदनाम | हरदी बाजार | पोड़ी उपरोड़ा | करतला | कटघोरा | पसान | कोरबी | बाल्को |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रधान पाठक मा0शा0 | | 1 UR | | | | | |
| 2 | शिक्षक अंग्रेजी | 1 ST | | | | 1 UR | 1 UR | |
| 3 | शिक्षक सा0वि0 | 1 UR | 1 ST | | 1 ST | 1 UR | 1 UR | 1 UR |
| 4 | शिक्षक संस्कृत | | | | 1 UR | | | |
| | शिक्षक विज्ञान | | | | 1 UR | | | |
| 5 | प्रधान पाठक प्रा0शा0 | | | 1 UR | | | | |
| 6 | सहा0शिक्षक | | 1 ST | 1 ST | | 2 ST | 2 ST | 2 ST |
| | | | | | | | 2 UR | |
| 7 | सहा0ग्रेड 03 | | | 1 UR | 1 UR | | | |
| | कुल योग | 2 | 3 | 3 | 4 | 4 | 6 | 3 |

**पदवार वेतन एवं शैक्षणिक योग्यता :-**

| S.N. | पद का नाम | संविदा मे मानदेय | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रधान पाठक मा0शा0 | 38100 | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम द्वितीय श्रेणी मे अंग्रेजी माध्यम से स्नातक की उपाधि के साथ(बी.एड.)उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। |

Scanned with CamScanner

| S.N. | पद का नाम | संविदा मे मानदेय | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|
| 2 | शिक्षक (अंग्रेजी) (अंग्रेजी माध्यम) | 35400 | मान्यता प्राप्त विश्व विद्यालय से अंग्रेजी साहित्य विषय के साथ अंग्रेजी माध्यम मे न्यूनतम द्वितीय श्रेणी से स्नातक की उपाधि एवं बी.एड. उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। शिक्षक पात्रता परीक्षा पू0मा0शा0स्तर (टी.ई.टी.) उत्तीर्ण होना आवश्यक है। |
| 3 | शिक्षक(कला/सा0वि0) (अंग्रेजी माध्यम) | 35400 | मान्यता प्राप्त विश्व विद्यालय से कला संकाय मे न्यूनतम द्वितीय श्रेणी मे अंग्रेजी माध्यम से स्नातक की उपाधि के साथ (बी.एड.) उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। शिक्षक पात्रता परीक्षा (टी.ई.टी.) उत्तीर्ण होना आवश्यक है। |
| 4 | शिक्षक (संस्कृत) | 35400 | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संस्कृत साहित्य के साथ न्यूनतम द्वितीय श्रेणी मे स्नातक की उपाधि के साथ (बी.एड.) उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। शिक्षक पात्रता परीक्षा पू0मा0शा0स्तर (टी.ई.टी.) उत्तीर्ण होना आवश्यक है। |
| 5 | शिक्षक (विज्ञान) | 35400 | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अंग्रेजी माध्यम में विज्ञान विषय में न्यूनतम द्वितीय श्रेणी मे स्नातक की उपाधि के साथ (बी.एड.) उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। शिक्षक पात्रता परीक्षा पू0मा0शा0स्तर (टी.ई.टी.) उत्तीर्ण होना आवश्यक है। |
| 6 | प्रधान पाठक प्राथ0 शाला | 35400 | मान्यता प्राप्त बोर्ड से न्यूनतम द्वितीय श्रेणी में हायर सेकेण्डरी उत्तीर्ण एवं (डी.एड0/डी0एल0एड0 अथवा समकक्ष प्रारंभिक शिक्षा डिप्लोमा) उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। |
| 7 | सहायक शिक्षक (अंग्रेजी माध्यम) | 25300 | हायर सेकेण्डरी परीक्षा न्यूनतम द्वितीय श्रेणी अंग्रेजी माध्यम से उत्तीर्ण एव डी.एड./डी.एल.एड./बी.एड. प्रशिक्षित होना अनिवार्य है। शिक्षक पात्रता परीक्षा प्रा0शा0स्तर (टी.ई.टी.) उत्तीर्ण होना आवश्यक है। |
| 8 | सहायक ग्रेड – 3 | 19500 | न्यूनतम द्वितीय श्रेणी मे हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण एवं शासकीय/ अर्धशासकीय मान्यता प्राप्त संस्था से कम्प्यूटर अर्हता के साथ एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण पत्र तथा कम्प्यूटर पर हिन्दी डाटा एन्ट्री की 5000 key एवं अंग्रेजी डाटा एन्ट्री की 8000 key डिप्रेशन प्रति घंटे की गति। |

**संविदा भर्ती के संबंध में दिशा निर्देश एवं शर्ते :-**

1. पदों की संख्या परिवर्तनीय होगी।
2. **अभ्यर्थी को छ.ग. का मूल निवासी होना अनिवार्य है सक्षम अधिकारी के द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।**
3. अभ्यर्थियों को एक से अधिक पद के लिए पृथक–पृथक आवेदन प्रस्तुत करना होगा।
4. (1) स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल पसान (2) स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल कोरबी (3) स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल बालको (4) स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल हरदीबाजार (5) स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल करतला (6) स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल पोड़ीउपरोड़ा (7) स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल कटघोरा की समिति पृथक–पृथक है तथा प्रत्येक के लिए पृथक–पृथक आरक्षण लागू होगा।
5. संविदा नियुक्ति सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा अधिसूचित छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2012 के प्रावधानों के अनुसार की जावेगी।
6. संविदा नियुक्ति पदों पर की गई नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी है। शासन/समिति के द्वारा नियुक्ति अथवा कार्य व्यवहार के आधार पर किसी भी समय सेवा से पृथक की जा सकता है।
7. **आवेदक सुनिश्चित करें कि उनकी कक्षा 10वीं एवं समस्त उच्चतर कक्षाएँ अंग्रेजी माध्यम से उत्तीर्ण होना अनिवार्य है अगर अभ्यर्थी की कक्षा 10वीं से समस्त उच्चतर योग्यता तक किसी भी कक्षा में माध्यम अंग्रेजी नहीं होगा तो अभ्यर्थी को अपात्र कर दिया जायेगा।**
8. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
9. संविदा नियुक्ति हेतु अभ्यर्थी की आयु दिनांक 01 जनवरी 2022 को 21 वर्ष से कम एवं 40 वर्ष से अधिक नही होनी चाहिए। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (क्रिमीलेयर को छोड़कर) महिलाओ, निःशक्तजन, शासकीय कर्मचारियों, संविदा कर्मचारियों एवं भूतपूर्व सैनिकों को छ.ग. शासन सामान्य प्रशासन विभाग के प्रचलित निर्देशों के अनुसार आयु सीमा में छूट का लाभ प्राप्त होगा किन्तु सभी देय छूटो को मिलाकर उनकी अधिकतम आयु–सीमा 45 वर्ष से अधिक नही होनी चाहिए।

Scanned with CamScanner

10. **अभ्यर्थियों को समस्त शैक्षणिक एवं अन्य दस्तावेजों की मूल प्रति दस्तावेज सत्यापन के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। दस्तावेज सत्यापन के समय मूल दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में किसी भी प्रकार का अतिरिक्त समय प्रदान नही किया जावेगा तथा संबंधित अभ्यर्थी को Walk in Interview हेतु अपात्र किया जा सकेगा। आवेदक यह सुनिश्चित कर ले कि आवेदन की अंतिम तिथि के पूर्व समस्त योग्यता संबंधी प्रमाण पत्र उपलब्ध हो।**
11. छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अधिसूचित संविदा भर्ती नियम एफ–9–01/2012/1–3 दिनांक 31 दिसम्बर 2012 एवं संशोधित दिनांक 30 दिसम्बर 2019 नियोक्ता एवं नियुक्त कर्मचारी के लिए लागु होगा।
12. छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अधिसूचित संविदा भर्ती नियम 2012 के तहत अधिसूचित अवकाश नियम नियुक्त संविदा कर्मचारी के लिये लागू होगा।
13. संविदा कर्मचारी को संविदा अवधि में पेंशन, मृत्यु लाभ या अन्य कोई भी लाभ जो छ.ग. शासन के नियमित कर्मचारी को प्राप्त है, की पात्रता नहीं होगी।
14. विज्ञापित पदों की संख्या घटाई, बढ़ाई अथवा पर्याप्त कारण से विज्ञापन निरस्त भी किया जा सकता है।
15. नियुक्ति प्रक्रिया के दौरान वाद–विवाद की स्थिति मे चयन समिति का निर्णय अंतिम, सर्वमान्य एवं बंधनकारी होगा।
16. भविष्य में शासन के द्वारा उक्त पदों पर भर्ती किए जाने पर संविदा नियुक्ति स्वमेव निरस्त मानी जावेगी।
17. राज्य शासन द्वारा स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल हेतु समय–समय पर जारी निर्देशों के अधीन पंजीकृत सोसायटी विद्यालय के संचालन व शर्तो से संबंधित नियम/निर्देश जारी करेगी जो सर्वमान्य व सभी के लिए बंधनकारी होगा।
18. अनुसूचित जाति/अनु.जन. जाति अ0पि0व0 (क्रिमीलेयर को छोड़कर) के अभ्यर्थियों को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र सत्यापन के समय संलग्न करना आवश्यक है। प्रमाण पत्र के अभाव में आरक्षण का लाभ दिया जाना संभव नही होगा। आवश्यक होने पर चयन समिति प्रमाण पत्र की वैधता की जॉच करा सकती है।
19. **शिक्षक, सहायक शिक्षक अंग्रेजी माध्यम हेतु शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है।**
20. किसी भी अभ्यर्थी की नियुक्ति संविदा पर होने पर वह नियमितिकरण के लिए किसी भी प्रकार का दावा नही करेगा।
21. शिक्षक संस्कृत एवं सहा. ग्रेड–03, के पद हेतु अंग्रेजी माध्यम की अनिवार्यता नही रहेगी। उक्त पदों के अतिरिक्त अन्य सभी पदों हेतु कक्षा 10वीं एवं उच्चतर सम्पूर्ण शिक्षा अंग्रेजी माध्यम में होना अनिवार्य है।
22. चयनित अभ्यर्थियों को उपरोक्त विज्ञापित किसी भी विद्यालय में पदस्थापना दी जावेगी। पदस्थापना विद्यालय को लेकर किसी भी प्रकार का दावा अमान्य होगा।
23. अभ्यर्थियों की चयन सूची प्रकाशन दिनांक से 01 वर्ष हेतु मान्य होगी।

<u>चयन प्रक्रिया :–</u>

**संविदा भर्ती हेतु चयन प्रक्रिया निम्नानुसार होगी :–**

1. अभ्यर्थी निर्धारित तिथि एवं समय पर समस्त शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक दस्तावेजो की मूल प्रति एवं 02 सेट स्वप्रमाणित छायाप्रति के साथ निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र भरकर उपस्थित होंगे।
2. अभ्यर्थियों को प्रत्येक पद हेतु पृथक–पृथक आवेदन करना होगा।

Scanned with CamScanner

## अभ्यर्थियों के चयन हेतु अंक तालिका का विवरण :-

(कुल 100 अंक)

01. शैक्षणिक/पूर्व माध्यमिक शाला स्तर

| क्र. | पद का नाम | 10वीं | 12वीं | स्नातक | साक्षात्कार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रधान पाठक मा0शा0 एवं शिक्षक | 10वीं मे प्राप्त प्रतिशत का 12 प्रतिशत अंक | 12वीं मे प्राप्त प्रतिशत का 18 प्रतिशत अंक | स्नातक मे प्राप्त प्रतिशत का 40 प्रतिशत अंक | 30 अंक |

02. शैक्षणिक/प्राथमिक शाला स्तर

| क्र. | पद का नाम | 10वीं | 12वीं | साक्षात्कार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्र0पाठक प्रा0शा0/ सहा. शिक्षक | 10वीं मे प्राप्त प्रतिशत का 30 प्रतिशत अंक | 12वीं मे प्राप्त प्रतिशत का 40 प्रतिशत अंक | 30 अंक |

03. गैर-शैक्षणिक पद

| क्र. | पद का नाम | 10वीं | 12वीं | कौशल परीक्षा | साक्षात्कार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सहा0ग्रेड 03 | 10वीं मे प्राप्त प्रतिशत का 20 प्रतिशत अंक | 12वीं मे प्राप्त प्रतिशत का 30 प्रतिशत अंक | 20 अंक | 30 अंक |

नियुक्ति अवधि :-

1. छत्तीसगढ़ सविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2012 के नियम 4 (1) के अंतर्गत उल्लेखित संविदा नियुक्ति के पदों पर संविदा नियुक्ति तीन वर्ष की अवधि के लिये की जावेगी। तथापि राज्य सरकार आवश्यकता के आधार पर तथा संविदा आधार पर नियुक्ति की उपयुक्तता तथा कर्मचारी की कार्यक्षमता का आंकलन करने के पश्चात् संविदा नियुक्ति की अवधि बढ़ायी जा सकेगी जो कि, शासन के आगामी निर्देश के अंतर्गत अधिनियमित होगा।
2. संविदा नियुक्ति की अवधि में दोनों पक्षों में से किसी एक पक्ष द्वारा तीन माह की पूर्व सूचना या इसके एवज में तीन माह का वेतन देकर संविदा नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी। संविदा अवधि समाप्ति पर बिना किसी पूर्व सूचना के सेवा समाप्त की जा सकेगी।

निरर्हताएँ :-

1/ ऐसे समस्त अभ्यर्थी जिन्हे शासन द्वारा सेवा से पृथक किया गया है अथवा सेवावृद्धि रोकी गई है। आवेदन हेतु अपात्र होगे।

2/ यदि किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि आवेदन के दौरान किसी भी प्रकार की कूटरचित /भ्रामक /गलत जानकारी प्रदान की गई है अथवा आवश्यक जानकारी छुपाई गई है, तो संबंधित आवेदक के विरूद्ध विधि सम्मत कार्य-कार्यवाही की जावेगी जिसकी जवाबदारी संबंधित आवेदक की होगी।

Scanned with CamScanner

3/ कोई भी अभ्यर्थी जिसे महिलाओं के विरूद्ध किसी अपराध या अन्य अपराध का सिद्ध दोष ठहराया गया हो, किसी सेवा या पद के लिये पात्र नहीं होगा। परन्तु यदि किसी अभ्यर्थी के विरूद्ध न्यायालय में ऐसे मामले लंबित हो तो उसकी नियुक्ति का मामला तब तक लंबित रखा जाएगा,जब तक उस अपराधिक प्रकरण का न्यायालय द्वारा अंतिम विनिश्चय न कर दिया जाये।

4/ चयन उपरांत संबंधित आवेदक द्वारा पद ग्रहण के एक माह के भीतर जिला मेडिकल बोर्ड कोरबा द्वारा जारी फिटनेस प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य होगा, मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र जमा नही करने की स्थिति मे अथवा मेडिकल रूप से फिट नही होने की स्थिति मे उम्मीदवारी निरस्त की जावेगी।

**अभ्यर्थी की पात्रता के बारे में चयन समिति का निर्णय संबंधी :-**

1/ चयन के लिये अभ्यर्थी की पात्रता अथवा अपात्रता के संबंध में स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल चयन समिति का निर्णय अंतिम होगा। भर्ती प्रक्रिया के संबंध मे किसी भी प्रकार का विवाद/शिकायत/परिवाद की स्थिति मे संबंधित स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट इंग्लिश स्कूल संचालन प्रबंधन समिति का निर्णय अंतिम होगा एवं इसमे शामिल सभी पक्षो के लिए बंधनकारी होगा।

2/ चयन प्रक्रिया के किसी भी समय पर अथवा चयन समिति को चयन सूची भेजने के बाद भी यदि चयन समिति के संज्ञान में यह तथ्य आता है कि अभ्यर्थी ने असत्य जानकारी दी है अथवा उसके द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों में कोई विसंगति पायी गई है तो वह अपात्र हो जावेगा एवं उसका चयन/नियुक्ति चयन समिति द्वारा बिना पूर्व सूचना के समाप्त कर दी जायेगी।

3/ आवेदक यह सुनिश्चित कर ले कि आवेदन के अंतिम तिथि के पूर्व समस्त न्यूनतम योग्यता संबंधी प्रमाण पत्र जारी किया जा चुका हो।

**अन्य निर्देश :-**

1/ नियुक्त उम्मीदवार को उनके पद के अनुसार शासन द्वारा समय-समय पर प्रसारित आदेशो के अनुसार वेतन देय होगा।

2/ नियमानुसार संविदा भर्ती के उप नियम (2) के अंतर्गत उल्लेखित मामलों को छोड़कर संविदा सेवा में सिर्फ मासिक एकमुश्त राशि वेतन के रूप में देय होगी, इसके अतिरिक्त कोई विशेष वेतन, महंगाई भत्ता, क्षति पूर्ति भत्ता, गृह भाड़ा इत्यादि नहीं दिया जाएगा तथा संविदा नियुक्ति के अधीन वार्षिक वेतन वृद्धि की पात्रता नहीं होगी।

3/ विज्ञापन की विस्तृत एवं अद्यतन जानकारी कोरबा जिले के वेबसाइट **www.Korba.gov.in** पर नियमित अवलोकन करते रहें।

4/ संबंधित स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल संचालन प्रबंधन समिति द्वारा संविदा पद पर नियुक्त समस्त अभ्यर्थियों के कार्य, व्यवहार, आचरण एवं कार्य प्रर्दशन का प्रत्येक वर्ष 31 मार्च की स्थिति मे मूल्यांकन किया जावेगा एवं उपयुक्तता के आधार पर संविदा अवधि मे आवश्यकतानुसार एवं नियमानुसार वृद्धि की जा सकेगी।

5/ अभ्यर्थी किसी भी पद पर आवेदन के पूर्व अपनी पात्रता एवं आवेदित पद हेतु वांछित न्यूनतम अर्हता का परीक्षण स्वयं कर लेवे। त्रुटिपूर्ण आवेदन, भ्रामक एवं गलत जानकारी के आधार पर अभ्यर्थी को किसी भी चरण में अपात्र घोषित किया जा सकता है केवल आवेदन कर देने मात्र से ही अभ्यर्थी का आवेदित पद पर चयन का अधिकार नही होगा।

Scanned with CamScanner

पदवारWalk in Interviewहेतु विवरण :-

| क्र0 | पद नाम | तिथि | दिन | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सहा0ग्रेड 03 | 22.02.2023 | बुधवार | उ0मा0वि0विद्युत गृह क्र0 01 कोरबा पूर्व |
| 2 | शिक्षक विज्ञान/संस्कृत | 23.02.2023 | गुरूवार | उ0मा0वि0विद्युत गृह क्र0 01 कोरबा पूर्व |
| 3 | शिक्षक अंग्रेजी/ सा0वि0 | 23.02.2023 | गुरूवार | उ0मा0वि0विद्युत गृह क्र0 01 कोरबा पूर्व |
| 4 | प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला | 24.02.2023 | शुक्रवार | उ0मा0वि0विद्युत गृह क्र0 01 कोरबा पूर्व |
| 5 | प्रधान पाठक प्राथमिक शाला | 24.02.2023 | शुक्रवार | उ0मा0वि0विद्युत गृह क्र0 01 कोरबा पूर्व |
| 6 | सहायक शिक्षक | 25.02.2023 | शनिवार | उ0मा0वि0विद्युत गृह क्र0 01 कोरबा पूर्व |

(कलेक्टर महो. द्वारा अनुमोदित)

टीप :- रजिस्ट्रेशन कार्य प्रातः 9:30 से 10:30 तक ही संपादित किया जावेगा अतः इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित समय पर अनिवार्यतः अपनी उपस्थिति निर्धारित स्थल पर सुनिश्चित करें विलंब की स्थिति में संबंधित को **Walk in Interview** में सम्मिलित नही किया जावेगा।

जिला शिक्षा अधिकारी/सचिव
स्वामी आत्मानंद शा. इंग्लिश स्कूल
संचालन प्रबंधन समिति जिला-कोरबा (छ.ग.)

क्रमांक/अंग्रेजी माध्यम/संविदा नियुक्ति/विज्ञापन/2022-23 ६३१८ कोरबा, दिनांक : 17/02/2023

प्रतिलिपि :-

1. प्रमुख सचिव, छ.ग. शासन स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, अटल नगर, नवा रायपुर छ.ग. को सादर सूचनार्थ संप्रेषित।
2. सचिव, छ.ग. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग छ.ग. रायपुर को सादर सूचनार्थ।
3. संचालक,लोक शिक्षण संचालनालय, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर छ.ग. को सादर सूचनार्थ।
4. कलेक्टर एवं अध्यक्ष, संचालन प्रबंधन समिति, स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल जिला कोरबा को सादर सूचनार्थ संप्रेषित।
5. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोरबा को सादर सूचनार्थ।
6. आयुक्त नगर पालिक निगम कोरबा छ.ग. को सादर सूचनार्थ।
7. संयुक्त संचालक, शिक्षा संभाग बिलासपुर को सादर सूचनार्थ संप्रेषित।
8. उपसंचालक जिला जनसंपर्क अधिकारी, जिला कोरबा को सूचनार्थ एवं दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशन हेतु अग्रेषित।
9. सर्व संबंधित सदस्य, संचालन प्रबंधन समिति उत्कृष्ट विद्यालय हरदीबाजार,कटघोरा, पोडी उपरोड़ा,करतला,पसान,बाल्को एवं कोरबी जिला कोरबा को सूचनार्थ।
10. जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, एन.आई.सी. कोरबा को सूचनार्थ एवं उक्त विज्ञापन विस्तृत विवरण सहित जिले के वेबसाइट में अपलोड करने हेतु।

जिला शिक्षा अधिकारी/सचिव
स्वामी आत्मानंद शा. इंग्लिश स्कूल
संचालन प्रबंधन समिति जिला-कोरबा (छ.ग.)

Scanned with CamScanner

# स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जिला-कोरबा में संविदा नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र

हाल ही में खींचा हुवा रंगीन पासपोर्ट साईज फोटो स्वयं से सत्यापित कर चस्पा करें

1. आवेदक का नाम :– ....................................................................
2. पिता/पति का नाम :– ....................................................................
3. जन्मतिथि (अंको में) :– ....................................................................
   (शब्दों में) :– ....................................................................
4. वर्तमान पता/पत्र :– ....................................................................
   व्यवहार का पता ....................................................................
   .................................... पिनकोड.......................
5. मोबाईल/वाट्सएप :– ....................................................................
6. ईमेल आई.डी. :– ....................................................................
7. शैक्षणिक/व्यवसायिक योग्यता :–

| क0 | परीक्षा | बोर्ड/वि0वि0 का नाम | उत्तीण वर्ष | प्राप्तांक | पूर्णांक | प्रतिशत/श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

8. संलग्न दस्तावेज की सूची :– ....................................................................
....................................................................

## प्रमाणपत्र

मैं प्रमाणित करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा दी गई सम्पूर्ण जानकारी एवं दस्तावेज पूर्णतः सत्य है, यदि मेरे द्वारा दी गई जानकारी असत्य पाई जाती है, तो मेरा आवेदन निरस्त कर मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी।

मैं यह भी वचन देता हूँ कि यदि मेरा चयन आवेदित पद के लिए हो जाता है तो मैं पूरी निष्ठा से अपनी सेवाएँ दूंगा।

आवेदक का हस्ताक्षर

नाम ........................................

पदनाम ....................................

Scanned with CamScanner